शहीद महेन्द कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर

धरमपुरा–2, जगदलपुर, जिला–बस्तर, छ.ग., भारत, पिन–494001

पत्र क्रं./6540/सां समन्वयक/श.म.क.वि.वि./2022, जगदलपुर, दिनांकः 13/12/2022

प्रति,

समस्त प्राचार्य/विभागाध्यक्ष,
संबंद्ध समस्त महाविद्यालय/अध्ययनशाला
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय,, बस्तर,
जगदलपुर, छ.ग.

विषयः– अन्तरमहाविद्यालयीन युवा–उत्सव (चयन स्पर्धा) का आयोजन 21/12/2022 की सूचना बाबत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत भारतीय विश्वविद्यालय संघ (AIU) नई दिल्ली के तत्वाधान में ए.पी.एस. विश्वविद्यालय, सतना (म.प्र.) में 36वाँ अन्तरविश्वविद्यालयीन युवा–उत्सव का आयोजन दिनाँकः 06/01/2023 से 10/01/2023 तक निर्धारित है। शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर से अंतरविश्वविद्यालयीन युवा–उत्सव में प्रतिभागी दल भाग लेने हेतु अंतरमहाविद्यालयीन युवा–उत्सव (चयन स्पर्धा) का आयोजन शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, जगदलपुर के कालीपुर स्थित बी.एड. अकादमिक नवीन भवन में दिनाँक 21/12/2022 को प्रातः 10.30 बजे शुभारम्भ किया जाएगा। प्रतियोगिता में **फोक नृत्य (सामूहिक/एकल/शास्त्रीय), गायन (सामूहिक/एकल/शास्त्रीय), संगीत, शास्त्रीय/पाश्चात्य संगीत, क्विज, तात्कालिक वाद–विवाद, थिऐटर, मिमिक्री, पेंटिंग, कोलोज, पोस्टर मेकिंग, क्ले मॉडलिंग, कार्टूनिंग, रंगोली, फोटोग्राफी, स्टॉलेशन, मेहंदी** आदि विधाओं को शामिल किया गया है। इस चयन स्पर्धा में भाग लेने वाले समस्त प्रतिभागियों का विधावार चयन कर प्रविष्टियाँ अर्हता सहित दिनाँकः 18/12/2022 तक प्राचार्य/विभागाध्यक्ष के माध्यम से सांस्कृतिक समन्वयक, (मोबाईल नम्बरः 8109186803) शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर को प्रेषित करने का कष्ट करेंगे।

अतः आपसे अनुरोध है कि इसकी सूचना अपने विद्यार्थियों को पूर्व में दे देवें तथा प्रविष्टियाँ भेजते समय की नियमावली का पालन सुनिश्चित करें। चूंकि प्रतिभागीगण की प्रविष्टियाँ महावि./अध्ययनशालाओं के माध्यम से प्रत्यक्ष रूप से प्राप्त होती है तथा एक प्रतिभागी को एक से अधिक विधाओं में भाग लेने की पात्रता होती है। अतः प्राचार्य/विभागाध्यक्षों से निवेदन है कि अपने प्रतिभागियों को यह निर्देशित करें कि वे उपरोक्त में से किसी एक विधा में ही भाग लें ताकि विधाओं के मध्य ओवरलोपिंग की संभावना न रहे और युवा–उत्सव का संपादन सुचारू रूप से किया जा सके।

विशेषः–

1. प्रतिभागियों का उम्र दिनाँकः 01.07.2022 की स्थिति में 27 वर्ष से अधिक नहीं होने चाहिए।
2. कृपया वाद–विवाद में एक पक्ष एवं दूसरा विपक्ष में विद्यार्थी का चयन कर सूची प्रेषित करें।
3. विधाओं में एक से अधिक प्रतिभागियों की प्रविष्टियाँ प्राप्त होने पर निर्णायक मण्डल की अनुसंशा से ही विधा का चयन किया जायेगा।
4. कृपया विधाओं एवं नियमों की विस्तृत जानकारी भारतीय विश्वविद्यालय संघ, नई दिल्ली के वेबसाईट https://www.aiu.ac.in पर अवलोकन कर विधावार सूची प्रेषित करने का कष्ट करेंगे।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार।

(माननीय कुलपति महोदय जी के आदेशानुसार)

dwn
fw कुलसचिव
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर

पत्र क्रं./6541/सां समन्वयक/श.म.क.वि.वि./2022, जगदलपुर, दिनांकः 13/12/2022

प्रतिलिपिः–

1. मान. कुलपति महोदय जी के निज सहायक, श.म.क.वि.वि., बस्तर, जगदलपुर, छ.ग. को सूचनार्थ।
2. कुलसचिव, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर को सूचनार्थ।
3. पी.आर.ओ., शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर को सूचनार्थ।
4. समस्त विभागाध्यक्ष, अकादमिक भवन श.म.क.वि.वि.

डॉ. आनंद मूर्ति मिश्रा
सांस्कृतिक समन्वयक
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर